SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 26 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 237

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसले आप नेता सत्येंद्र जैन, चोटें आईं; अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जेल में बंद आप नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसल गए, जिसके बाद उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल नंबर सात में बंद हैं। जेल के एक अधिकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह 6 बजे वह बाथरूम में गिर गए, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कमजोरी के कारण उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की। जेल अधिकारियों ने कहा, डॉक्टरों ने उन्हें आगे डीडीयू अस्पताल रेफर किया। उन्होंने पीठ, बाएं पैर और कंधे में दर्द की शिकायत की है।

### सीएम भगवंत मान को जेड प्लस सिक्योरिटी, 10 एनएसजी कमांडो और सीआरपीएफ के 55 जवान रहेंगे तैनात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश और विदेश से संभावित खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को 'जेड प्लस' श्रेणी की सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करेगी। बता दें कि केंद्रीय गृह विभाग को मिली खुफिया जानकारी के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया गया है। सीएम भगवंत मान की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वीआईपी सुरक्षा दस्ते द्वारा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार मान की सुरक्षा में अब एनएसजी कमांडो समेत सीआरपीएफ के 55 जवान और पंजाब के पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। सूत्रों के अनुसार भगवंत मान को पूरे भारत में शीर्ष श्रेणी का 'जेड प्लस' कवर मुहैया कराया जाएगा और गृह मंत्रालय ने हाल ही में इसके लिए मंजूरी दे दी है। सीआरपीएफ जल्द ही यह काम संभालेगी और इसके लिए 55 सशस्त्र जवानों की एक टीम लगाई गई है। पंजाब पुलिस सुरक्षा के अलावा नवीनतम सुरक्षा कवर मुख्यमंत्री के घर और परिवार के करीबी सदस्यों को भी सुरक्षित रखेगा।

### ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने जा रहे चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**मथुरा (आरएनएस)।** कार के पेड़ से टकरा जाने से चार दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वे बलदेव शहर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, हादसा बुधवार को राया थाना क्षेत्र के पिलखुनी गांव के पास हुआ। एसएचओ अजय किशोर ने कहा कि स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यह घटना तब हुई जब एक बाइक सवार सडक़ पर गड्ढा देखकर अचानक मुड़ा और बाइक सवार को टक्कर मारने से बचने के लिए कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से जा टकराया। मृतकों की पहचान अंकित कुमार (22), अचल सिंह (23), आकाश कुमार (21) और योगेश कुमार (25) के रूप में हुई है। इस बीच, गंभीर रूप से घायल शैलेंद्र कुमार (24) को आगरा के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है।

### 2.3 अरब डॉलर के ऋण चुकाने में पाकिस्तान की मदद करेगा चीन

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से महत्वपूर्ण लंबित ऋण को लेने के लिए प्रयासरत पाकिस्तान अगले महीने की ऋण अदायगी में चूक से बचने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में नकदी की तंगी से जूझ रहा देश को अगले महीने देय दो अरब डॉलर से अधिक के कर्ज को रोलओवर करने के लिए चीन की ओर देख रहा है। गुरुवार को मीडिया रिपोर्टें में यह बात कही गई। द न्यूज ने बताया कि इस्लामाबाद अभी भी दूसरी ऋण अदायगियों की समय सीमा का पालन करने के तरीकों पर विचार कर रहा है क्योंकि देश को इस महीने और जून में मिलाकर 3.7 अरब डॉलर के विदेशी ऋण का विदेशी मुद्रा में भुगतान करना है जबकि इसका मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार सिर्फ 4.3 अरब डॉलर है। बीजिंग ने वादा किया था कि पाकिस्तान द्वारा जून में 2.3 अरब डॉलर के दो महत्वपूर्ण ऋणों के भुगतान के तुरंत बाद वह नए फंड उपलब्ध कराकर पाकिस्तान की मदद करेगा।

## 900 करोड़ की लागत से स्थापित होगा एडवांस तकनीक से लैस सुपर कंप्यूटर

### सात दिन पहले ही प्राकृतिक आपदाओं की देगा जानकारी



**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय माध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) में 900 करोड़ की लागत से एडवांस तकनीक से लैस सुपर कंप्यूटर को स्थापित किया जाएगा। यह सुपर कंप्यूटर अभी के सिस्टम से 11.2 पेटा फ्लोप तक मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी देगा। इस सिस्टम से देश दुनिया में हिमपात, चक्रवात जैसी तमाम प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान सात दिन पहले ही लगाया जा सकता है। बुधवार को दोपहर तीन बजे सेक्टर-62 राष्ट्रीय माध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र पहुंचे केंद्रीय मंत्री, पहले संस्थान में मौजूद तकनीक की कार्यप्रणाली से रुबरू हुए। इसके बाद उन्होंने मौसम वैज्ञानिकों के साथ बैठक की और मौसम के पूर्वानुमान से जुड़ी जानकारी के बारे में चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में संस्थान में 6.8 पेटा फ्लोप का सुपर कंप्यूटर स्थापित है, जो नया सुपर कंप्यूटर स्थापित होने जा रहा है, उसकी क्षमता 18 पेटा फ्लोप होगी। इससे मौसम पूर्वानुमान की सटीक जानकारी मिलेगी। सुपर कंप्यूटर के नाम की घोषणा पीएम करेंगे। इस दौरान बैठक में पृथ्वी विज्ञान के प्रमुख सचिव समेत कई राष्ट्रीय केंद्रों के मौसम वैज्ञानिक शामिल हुए।

सुपर कंप्यूटर में सामान्य कम्प्यूटरों की तुलना में उच्च स्तरीय कैलकुलेशन की जा सकती है। सामान्य कंप्यूटर प्रति सेकेंड 10 लाख निर्देशों की प्रोसेसिंग कर सकता है, लेकिन सुपर कंप्यूटर की कार्य क्षमता नोटिंग प्वांइट आपरेशन प्रति सेकेंड से मापी जाती है। नोटिंग प्वांइट काफी लंबी संख्या का संकेतीकरण है, इससे उन्हें आसानी से संचारित किया जा सके। ये एक समय में कई काम कर सकता है।

इसमें चंटम यांत्रिकी, मौसम का पूर्वानुमान, जलवायु पर अनुसंधान, तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण, विमान तथा अंतरिक्षयान के लिए वायु गति विज्ञान, परमाणु हथियारों के विस्फोट एवं विलय जैसे कार्य होंगे।

## भारतीय नौसेना का कीर्तिमान, रात में कराई मिग-29के की सफल लैंडिंग



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मिग-29के ने आईएनएस विक्रांत पर रात के अंधेरे में लैंडिंग कर इतिहास रचा है। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा है कि यह नौसेना की आत्मानिर्भरता के प्रति उत्साह का संकेत है। भारतीय नौसेना ने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और कदम के रूप में मार्क किया है। बयान के मुताबिक, नौसेना ने भारत के स्वदेशी आईएनएस विक्रांत युद्धपोत पर मिग-29के की रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई है।

गौरतलब है कि इससे पहले तेजस विमान के नौसैनिक वर्जन ने आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। हालांकि, तब यह लैंडिंग दिन के वक्त ही करवाई गई थी। इसके अलावा कामोव 31 हेलीकॉप्टर को भी 28 मार्च को आईएनएस विक्रांत पर उतारा गया था। भारतीय नौसेना के अधिकारी के मुताबिक, परीक्षण के दौरान स्वदेशी प्रकाश सहायक उपकरण और शिपबोर्न सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो कि पूरी तरह सफल सिद्ध हुए।

## 60 साल की उम्र में दूसरी बार दूल्हा बने आशीष विद्यार्थी

❑ असम की रुपाली बरुआ से की गुपचुप शादी



**कोलकाता (आरएनएस)।** मशहूर फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने 60 साल की उम्र में दूसरी शादी की है. उनकी पत्नी का नाम रुपाली बरुआ है और वो असम की रहने वाली हैं.मशहूर एक्टर आशीष विद्यार्थी ने 60 साल की उम्र में दूसरी शादी की है. उन्होंने आज महानगर कोलकाता में रुपाली बरुआ नाम की महिला से शादी रचाई. असम की रहने वाली रुपाली फैशन के बिजनेस से जुड़ी हुई हैं. आशीष ने पहली शादी राजोशी बरुआ से की थी जो कि अपने जमाने की मशहूर एक्ट्रेस शकुंतला बरुआ की बेटी थीं. आशीष ने दूसरी शादी बेहद सादे अंदाज़ में की है. परिवारवालों और कुछ करीबी दोस्तों की मौजूदगी में उन्होंने शादी की रजिस्ट्री कराई. शादी को लेकर उन्होंने कहा, उम्र के इस पड़ाव पर रुपाली से शादी करना मेरे लिए अलग फीलिंग है. हमने सुबह में कोर्ट मैरिज की है.रुपाली से मुलाकात को लेकर आशीष ने कहा कि ये बड़ी लंबी कहानी है. खबर के मुताबिक उन्होंने कहा कि मुलाकात कैसे हुई इसके बारे में वो फिर कभी बाद में बताएंगे. उन्होंने कहा, हम कुछ वक्त पहले मिले और रिश्ते को आगे बढ़ाने का फैसला किया. पर हम दोनों ही ये चाहते थे कि शादी में ज्यादा धूम धाम न हो, बस परिवार ही रहे.आशीष विद्यार्थी को हमसफर बनाने के बाद रुपाली बरुआ ने कहा कि वो एक खूबसूरत इंसान हैं और एक ऐसे शख्स हैं, जिनके साथ रहना अच्छा लगता है.आशीष विद्यार्थी ने साल 1991 में फिल्म काल संध्या से फिल्मों में डेब्यू किया था. उन्होंने अपने 30 साल से ज्यादा के करियर में हिंदी के अलावा तेलुगू, तमिल, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, मराठी और इंग्लिश जैसी कई भाषाओं में फिल्म की. आशीष को फिल्म द्रोहकाल में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था.

## पीएम मोदी ने उत्तराखंड की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, अब 4.45 घंटे में होगा दिल्ली से देहरादून का सफर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून से दिल्ली के बीच पहले सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उत्तराखण्ड राज्य अब सेमी हाई स्पीड रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार की भी सराहना की और कहा कि उत्तराखण्ड सरकार विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने उत्तराखण्ड में चल रहे नौ-रत्नों की भी बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंद दायक बनाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखण्ड में शत प्रतिशत रेलवे का बिजलीकरण किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ही नहीं, पूरा देश अब विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखण्ड आज जिस तरह से कानून-व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है वो बहुत सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरा विश्वास है कि ये देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा।

## नक्सलियों की बिछाई बारूदी सुरंग के विस्फोट से ग्रामीण के उड़े चिथड़े, पांच महीने में नौवीं मौत



**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के चाईबासा जिले के जंगलवर्ती इलाकों में जमीन के नीचे कदम-कदम पर नक्सलियों की बिछाई बारूद निर्दोष ग्रामीणों की मौत का सबब बन रही है। जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के लुईया जंगल में बुधवार को बारूदी विस्फोट ने एक और व्यक्ति की जान चली गई। पिछले पांच महीने में बारूदी सुरंग विस्फोट में यह नौवीं मौत है।

टोंटे में हुए विस्फोट में जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसकी पहचान 50 वर्षीय काण्डे लागुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आज मौके पर पहुंचकर उसकी लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजी है। बताया गया कि लुईया गांव निवासी काण्डे लागुरी पास के जंगल में पत्ता तोडऩे गया था। उसी दौरान उसका पांव जमीन के नीचे प्रेशर बम पर पड़ा। जोरदार धमाका हुआ और उसके चिथड़े हो गए। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गुरुवार सुबह पुलिस को दी।

पिछले 18 मई को भी इसी थाना क्षेत्र के ग्राम रेंगड़ाहातु स्थित जंगल के पास एक प्रेशर आईईडी विस्फोट में 14 साल के बच्चे की मौत हो गई थी। यह बच्चा भी अपने अभिभावक के साथ जंगल से लकड़ी और पत्ता चुनने के लिए गया था। इस इलाके में ग्रामीणों का एक बड़ा जनसमूह आजीविका के लिए जंगल के पत्तों पर आश्रित है।

झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी नक्सल अभियान चला रही है। इसे रोकने तथा पुलिस की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सलियों ने जंगल में बारूदी सुरंगें लगा रखी हैं।

## मेंगलुरु एयरपोर्ट पर उड़ान भरते समय पक्षी से टकराया विमान, सभी यात्री सुरक्षित


0 बड़ा हादसा टला




**बंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उस समय बड़ा हादसा टल गया जब गुरुवार को दुबई जा रहा इंडिगो का एक विमान उड़ान भरते समय पक्षी से टकरा गया। हवाई अड्डे के सूत्रों के मुताबिक, घटना सुबह 8.30 बजे हुई और यात्रियों में अफरातफरी मच गई। फ्लाइट मेंगलुरु से दुबई जा रही थी।

जब उड़ान टैक्सीवे को पार कर चुकी थी और उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार थी, तब उसका एक पंख पक्षी से टकरा गया। सूत्रों ने कहा कि पायलट ने घटना के बारे में तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचित किया और उड़ान रद्द कर दी। अधिकारियों ने यात्रियों के दुबई जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। सूत्रों के मुताबिक, तकनीशियनों द्वारा उड़ान का निरीक्षण किया जा रहा है। घटना के बारे में अभी और जानकारी सामने नहीं आई है।

## हेमकुंड साहिब : बिगड़ते मौसम के कारण रोकी गई यात्रा, श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर रुकने की दी सलाह



**चमोली (आरएनएस)।** प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने पहले ही पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। वहीं पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी जारी है।20 मई से शुरू सिक्खों के पवित्र धर्म स्थल श्री हेमकुंड साहिब की भी यात्रा शुरू हो गई है। लेकिन मौसम के हालातों को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के लिए आज यात्रा को रोक दिया गया है।

जी हां चमोली के श्री हेमकुंड साहिब क्षेत्र में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण आज के लिए यात्रा स्थगित कर दी गई है। उत्तराखंड पुलिस की तरफ से वीडियो जारी करते हुए जानकारी दी गई है। साथ ही श्रद्धालुओं को यात्रा दोबारा शुरू होने तक सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी गई है। हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में करीब 15,225 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इन क्षेत्र में पिछले 10 दिन से रुक-रुककर बारिश और बर्फबारी हो रही है। 20 मई से शुरू हुई श्री हेमुकंड साहिब यात्रा के तहत अभी तक हजारों श्रद्धालुओं ने सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन कर लिए है।

## संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम पर विवाद, विपक्ष पर पाखंड का आरोप



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संसद के नए भवन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार की विपक्षी दलों की घोषणा को पाखंड बताते हुए जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार द्वारा किए गए इस तरह के कई उद्घाटन कार्यक्रमों का मुद्दा उठाया है। पात्रा ने ट्वीट कर कहा, विपक्ष ने नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने का ऐलान किया है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन करने वाले हैं। वे हवाला दे रहे हैं कि केवल राष्ट्रपति/राज्यपालों को ही संसद/विधानसभा भवनों का उद्घाटन करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने सिलसिलेवार कई ट्वीट करते हुए पूछा कि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कर्नाटक विधानसभा की नींव रखी थी। कर्नाटक के राज्यपाल ने इसका उद्घाटन क्यों नहीं किया? पूर्व प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी ने 1981 में महाराष्ट्र विधान भवन का उद्घाटन किया था। उन्होंने ( विपक्ष ) उस कार्यक्रम का बहिष्कार क्यों नहीं किया? पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1987 में संसद भवन में पुस्तकालय भवन की नींव रखी थी। उस कार्यक्रम का किसी ने बहिष्कार नहीं किया। ऐसा किसलिए? पूर्व प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर 1975 को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी का उद्घाटन किया था। लेकिन इसका बहिष्कार नहीं किया गया।

पात्रा ने मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा भी किए गए कई उद्घाटन कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि उस समय इन दलों ने उन कार्यक्रमों का बहिष्कार क्यों नहीं किया था?